# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 170 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 12 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## सवाई माधोपुर में दर्दनाक हादसाः रणथंभौर में बाघ के हमले से 7 साल के बच्चे की मौत, परिजनों ने शव लेने से किया इनकार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाई माधोपुर ।**

रणथंभौर क्षेत्र में गुरुवार शाम दिल दहला देने वाली घटना हो गई, जब झाड़ियों से अचानक निकले बाघ/लेपर्ड ने 7 साल के विक्रम बंजारा पर हमला कर उसकी जान ले ली। बच्चा अपने पिता का हाथ पकड़कर आटीला बालाजी के दर्शन करने जा रहा था और उसके साथ बस्ती के अन्य लोग भी थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे शिकारी जानवर ने तेज झपट्टा मारकर विक्रम को मुंह में दबोच लिया और करीब डेढ़ सौ मीटर अंदर झाड़ियों में ले गया। पिता रामजीलाल के चिल्लाने और ग्रामीणों के जुटने के बावजूद बच्चा नहीं बच सका। ग्रामीणों ने झाड़ियों में पत्थर फेंके और कुछ देर बाद तलाश में गए, जहां विक्रम का शव पड़ा मिला। घटना स्थल के पास ही बंजारा बस्ती है, जहां लगभग 25 से 30 परिवार रहते हैं।

वन विभाग के रेंजर अश्विनी प्रताप सिंह के अनुसार इस इलाके में शाम को लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया था और लोगों को सचेत भी किया गया था। उनका कहना है कि अंधेरा होने के कारण हमलावर के टाइगर या लेपर्ड होने की पुष्टि पगमार्क से नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि दिन में बीट गार्ड की गश्त के दौरान भी लेपर्ड नजर आया था, इसलिए संभावना लेपर्ड की भी है। उधर, घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि पिछले कुछ समय से वन



विभाग द्वारा बस्ती के पास दीवार निर्माण को लेकर विवाद चल रहा है और विभाग जबरन दीवार बनाने का प्रयास कर रहा है। इसी मुद्दे को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं। स्थिति बिगड़ते देख कोतवाली थाना अधिकारी मदनलाल मीणा मौके पर पहुंचे और परिवार को समझाने का प्रयास किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कानाराम और एसपी अनिल कुमार बेनीवाल भी मौके पर पहुंचे और हालात पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन ग्रामीणों को शांत कराने और शव लेने के लिए परिजनों को राज़ी करने में जुटा है।

## सुंदरकांड के बाद साउंड संचालक पर जानलेवा हमलाः बाइक सवारों ने घेरकर सरिए से किया वार, मोबाइल छीन पिकअप तोड़ी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे में मंगलवार रात पंचायत चौक पर हुए सुंदरकांड पाठ के बाद सिंगोली निवासी साउंड सिस्टम संचालक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कस्बा स्थित थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित रोशन पुत्र बाबूलाल प्रजापत, निवासी सिंगोली (जिला नीमच, म.प्र.) ने बताया कि वह सुंदरकांड कार्यक्रम के लिए साउंड सिस्टम लगाने अपनी पिकअप गाड़ी से कस्बे में आया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह सामान समेटकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान तेजाजी चौक के पास बाइक पर आए प्रकाश प्रजापत, गज्जु बंजारा, चीमा उर्फ रितेश प्रजापत सहित 8-10 अन्य लोगों ने उसका पीछा किया और गाड़ी के आगे मोटरसाइकिल लगाकर रास्ता रोक लिया।



रोशन के अनुसार आरोपियों ने उसे गाड़ी से जबरन नीचे उतारकर मारपीट की और सरिए से उसके सिर पर वार कर जान से मारने का प्रयास किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। जाते-जाते आरोपियों ने उसकी पिकअप गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। घटना की सूचना के बाद पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट देकर दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अमित शाह के बयान पर कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल का पलटवार

### घुसपैठ पर फैसला प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री करेंगे तो लोकतंत्र कैसे बचेगा?

### गुंजल ने कहा गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर नहीं थोपी जा सकती

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में घुसपैठ और मतदाता सूची से जुड़े बयानों ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। बुधवार को शाह ने कहा था कि देश में एक भी घुसपैठिया नहीं छोड़ा जाएगा और एक-एक को चुनकर बाहर निकालेंगे।इस बयान के बाद विपक्ष के वॉकआउट के साथ अब कांग्रेस नेता प्रह्लाद गुंजल ने तीखा पलटवार किया है। गुंजल ने वीडियो बयान जारी कर गृह मंत्री के वक्तव्य को अव्यवहारिक, गैर-जिम्मेदाराना और भ्रम फैलाने वाला बताया।

**प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री घुसपैठ तय करेंगे तो लोकतंत्र कैसे बचेगा?**

गुंजल ने कहा कि गृह मंत्री का बयान संविधान और प्रशासनिक ढांचे की समझ के खिलाफ है। उन्होंने सवाल उठाया

अगर घुसपैठिया कौन है यह प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री तय करेंगे, तो लोकतंत्र बचा कैसे रहेगा? यह अधिकार गृह मंत्रालय का है, न कि किसी राजनीतिक पद का। गृह मंत्री देश को वास्तविक स्थिति स्पष्ट करें।

**अपनी जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर थोपकर राजनीतिक एजेंडा नहीं चलाया जा सकता**

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों से बचकर चुनाव आयोग के कंधों पर आरोपों और कार्रवाई का बोझ डालना चाहती है।

गुंजल बोले कौन घुसपैठिया है और कौन नहीं इसका सर्वोच्च अधिकार केंद्र के गृह मंत्रालय के पास है। इसे चुनाव आयोग पर थोपना राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ाने की कोशिश है। गृह मंत्री देश को भ्रमित न करें।

**क्या अब चुनाव आयोग तय करेगा कि कौन नागरिक है?**

गुंजल ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा क्या घुसपैठ तय करना चुनाव आयोग का काम है? अगर नहीं, तो गृह मंत्री



अपने कानूनी ज्ञान को पूरा करें। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में कहीं नहीं लिखा कि घुसपैठ और नागरिकता पर फैसला आयोग करेगा। यह गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है।

उन्होंने चुनौती भी दी अगर हिम्मत है तो गृह मंत्रालय से अभियान चलाइए, चुनाव आयोग को ढाल मत बनाइए।

**बिहार में 65 लाख नाम काटे ,तो क्या सभी को देश निकाला देंगे?**

गुंजल ने बिहार के मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यदि सरकार इसे घुसपैठियों की पहचान मानती है, तो क्या वह इन सभी लोगों को डिपोर्ट करेगी?

उन्होंने कहा आप गरीबों के नाम काट रहे हैं, मजदूरों-दलितों से दस्तावेज मांग रहे हैं, जिनकी रोजी-रोटी ही बड़ी चिंता है, वोट नहीं। आप क्या साबित करना चाहते हैं?

**बहुमत का इस्तेमाल लोकतांत्रिक परंपराओं को नष्ट करने में न करें**

गुंजल ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि मतदाता सूची का राजनीतिक इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

उन्होंने कहा गरीब को अपने नाम से ज्यादा पेट भरने की चिंता है। उनसे कागज मांगकर उन्हें संदेह के दायरे में डालना लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सत्यानाश है। सरकार बहुमत को हथियार की तरह इस्तेमाल न करे।

## उप मुख्यमंत्री बैरवा 12 दिसंबर को, और लखावत 13 दिसंबर को आएंगे भीलवाड़ा





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा 12 दिसंबर को राजसमंद से प्रस्थान कर सुबह 11:30 बजे भीलवाड़ा पहुंचेगे। वे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के बाद वे भीलवाड़ा से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

इसी प्रकार राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत 13 दिसंबर को बांसवाड़ा से प्रस्थान कर शाम 5 बजे मालासेरी डूंगरी पहुंचेंगे। वे मालासेरी डूंगरी के सौन्दर्यकरण एवं सुविधाओं के विकास संबंधी प्रस्तावों पर स्थानीय स्तर पर विचार-विमर्श करेंगे। बैठक के बाद लखावत शाम 6:30 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## सांसद सीपी जोशी ने रुपाजी-करपाजी धाकड़ पर डाक टिकट जारी करने की उठाई मांग

### आजादी के किसान नायकों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की पहल ,सरकार से ऐतिहासिक योगदान अमर करने का आग्रह

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़ ।**

लोकसभा में गुरुवार को सांसद सीपी जोशी ने बेगूं-बिजौलिया किसान आंदोलन के अमर शहीद रुपाजी और करपाजी धाकड़ के सम्मान में उनके चित्रों पर डाक टिकट जारी करने की मांग उठाई। जोशी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में किसानों का योगदान अविस्मरणीय है और इन शहीदों की स्मृति को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान मिलना चाहिए।

सांसद ने सदन में बेगूं क्षेत्र के ऐतिहासिक किसान संघर्ष का उल्लेख करते हुए बताया कि ब्राह्मणी नदी के किनारे बसे गांवों के किसानों ने अंग्रेजों की बेगार नीति और अत्यधिक करों के विरोध में बड़ा आंदोलन खड़ा किया था। रायता और गोविंदपुरा जैसे गांवों में किसानों की बैठकें होती थीं। गोविंदपुरा में हुई एक सभा को तितर-बितर करने के लिए ट्रेंच कमीशन ने निहत्थे किसानों पर गोलियां चला दी थीं, जिसमें रुपाजी और करपाजी धाकड़ शहीद हो गए थे।

जोशी ने कहा कि इन शहीदों के बलिदान को देश की नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। डाक टिकट जारी होने से न केवल उनका सम्मान अमर होगा, बल्कि किसान आंदोलन के इतिहास को भी राष्ट्रीय पहचान



मिलेगी। उन्होंने यह मुद्दा इसलिए भी उठाया क्योंकि गोविंदपुरा में आयोजित शहीद दिवस के दौरान बेगूं विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ और किसानों ने उनसे यह मांग की थी। सांसद ने इस जनभावना को संसद में आवाज देते हुए सरकार से कार्यवाही करने का आग्रह किया।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# भीलवाड़ा में बार एसोसिएशन चुनाव आज 7 पदों पर 17 उम्मीदवार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला अभिभाषक संस्था की नई कार्यकारिणी के चुनाव शुक्रवार को आयोजित किए जा रहे हैं, जहां 7 पदों के लिए 17 उम्मीदवार मैदान में हैं। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा और शाम 4 बजे से मतगणना शुरू कर दी जाएगी। चुनाव समिति ने मतदान के लिए पहचान पत्र लाना अनिवार्य किया है और विवादित बैनर तथा पोस्टर लगाने पर सख्त रोक लगा दी है।

चुनाव अधिकारियों की निगरानी में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्र, मतगणना कक्ष और सुरक्षा व्यवस्था तय कर दी गई है। उधर प्रत्याशी मतदान से ठीक पहले अधिवक्ताओं से समर्थन जुटाने में सक्रिय हैं, जिससे बार परिसर में चुनावी माहौल पूरी तरह रंग में नजर आ रहा है। इस बार कई पदों पर सीधी टक्कर और कुछ पदों पर बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। अध्यक्ष पद पर रामपाल शर्मा और उम्मेद सिंह राठौड़ आमने-सामने हैं। उपाध्यक्ष के लिए चार उम्मीदवार महिपाल सिंह राणावत, नवरतन कुमार जैन, नीरज पाराशर और रेखा ओझा मुकाबले में हैं। महासचिव पद पर कुशल चंद और पंकज दाधीच, जबकि रेवेन्यू महासचिव पद पर मनोहर लाल मांभी और शम्भुदास वैष्णव के बीच सीधी भिड़ंत है।

कोषाध्यक्ष पद के लिए रवि गोरानी और उदय लाल शर्मा के साथ एक और प्रत्याशी मैदान में हैं, वहीं सहसचिव पद पर आदित्य सिंह चौहान, संध्या चतुर्वेदी और संजय चतुर्वेदी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। पुस्तकालय सचिव पद के लिए अभिषेक असावा और प्रताप लाल तेली के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा रहेगी।

## अभिभाषक परिषद बिजौलिया चुनावः तीन पदों पर होगा मतदान


अभिभाषक परिषद की नई कार्यकारिणी के लिए आज तीन पदों पर मतदान होगा। चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर और सहायक चुनाव अधिकारी संजय कुमार धाकड़ द्वारा जारी अंतिम सूची के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव पद पहले ही निर्विरोध घोषित किए जा चुके हैं, जबकि शेष तीन पदों पर मुकाबला आज तय होगा।

अध्यक्ष पद पर जगदीश चन्द्र धाकड़, उपाध्यक्ष पद पर राजुलाल धाकड़ और महासचिव पद पर प्रदीप कुमार शर्मा निर्विरोध चुने जा चुके हैं। अब शेष सहसचिव, कोषाध्यक्ष और पुस्तकालय अध्यक्ष पदों के लिए आज मतदान कराया जाएगा।

सहसचिव पद पर मनीष धाकड़, हितेश धाबाई और ललिता सुवालका, कोषाध्यक्ष पद पर पंकज कुमार धाकड़ और दीपक मीणा, तथा पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुनील कुमार धाकड़ और ललिता सुवालका के बीच मुकाबला रहेगा।

# डॉ. कैलाश मंडेला को मिलेगा 'शब्द साधक सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**



साहित्य सृजन कला संगम के सचिव और हिन्दी व राजस्थानी साहित्य की दोनों विधाओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके सुप्रसिद्ध कवि तथा केन्द्रीय साहित्य अकादमी से पुरस्कृत साहित्यकार एवं गीतकार डॉ. कैलाश मंडेला को इस वर्ष का 'श्री संतोष कुमार वर्मा स्मृति शब्द साधक सम्मान 2025' प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान आगरा की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द साधक द्वारा 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले भव्य सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रदान किया जाएगा।

यह वार्षिक आयोजन प्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय संतोष कुमार वर्मा की साहित्यिक परंपरा, संस्कार और सृजनशीलता को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। संस्थान अब तक देश के शीर्ष गीतकारों को यह सम्मान दे चुका है, जिनमें 2021 में डॉ. सोम ठाकुर (आगरा), 2022 में रामेंद्र मोहन त्रिपाठी (आगरा), 2023 में बलराम श्रीवास्तव (किशनी) और 2024 में डॉ. शिव ओम अंबर (फर्रुखाबाद) शामिल हैं।

इस आयोजन का संयोजन सुप्रसिद्ध कवयित्री सपना सोनी पिछले पाँच वर्षों से सफलतापूर्वक करती आ रही हैं।

डॉ. कैलाश मंडेला का साहित्यिक सफर अत्यंत समृद्ध रहा है। अब तक उनकी आठ से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनका कुरल काव्य का राजस्थानी दोहा छंद में किया गया अनुवाद केन्द्रीय साहित्य अकादमी से प्रकाशित और पुरस्कृत हो चुका है। वहीं डींगल काव्य 'ढोला मारू' का हिंदी दोहा अनुवाद भी अकादमी सहयोग से प्रकाशित होकर व्यापक प्रशंसा पा चुका है। उनका लेखन शोधपरक, परंपरा-सम्मत और आधुनिक संवेदनाओं से संपन्न माना जाता है, जिससे वे हिन्दी और राजस्थानी साहित्य जगत के प्रतिष्ठित गीतकारों में स्थापित हो चुके हैं।

सम्मान समारोह के साथ आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि पवन आगरी, शशांक प्रभाकर नीरज, डॉ. नितिन मिश्रा, राकेश निर्मल, संजीव सजल सहित अन्य आमंत्रित कवि अपनी मनोहारी कविताओं से श्रोताओं को रसविभोर करेंगे।

डॉ. मंडेला को यह सम्मान मिलना राजस्थान के साहित्यिक समुदाय के लिए गौरव का क्षण माना जा रहा है, जिसने साहित्य जगत में उनकी निरंतर साधना, शोध और सृजनशीलता को राष्ट्रीय स्तर पर एक और नई पहचान दिलाई है।

# ईनामी अपराधियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई छह माह से फरार तीन आरोपी दबोचे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में ईनामी व फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए जारी अभियान के तहत शाहपुरा व जहाजपुर क्षेत्र की पुलिस ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश कुमार आर्य के निर्देशन में थानाधिकारी पण्डेर कमलेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने फायरिंग मामले में छह माह से फरार चल रहे तीन आरोपियों को स्कॉर्पियो वाहन समेत बापर्दा गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि घटना बीती 3 जून की है, जब जिला विशेष टीम मादक पदार्थों एवं अवैध गतिविधियों की सूचना संकलन के लिए शाहपुरा और फुलियाकला क्षेत्र में थी। इसी दौरान मुखबिर से दो संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहनों की जानकारी मिली। सरसूंदा चौराहे से लगभग एक किलोमीटर अरवड़ की ओर नाकाबंदी की गई, जहां वाहनों में सवार व्यक्तियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस संबंध में थाना फुलियाकला में मामला दर्ज किया गया था। फरार आरोपियों की लगातार तलाश के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों रामचन्द्र उर्फ राम डांगी (31), निवासी डांगियावास जिला जोधपुर, विष्णु विश्नोई (32), निवासी रावर जोधपुर, मुकेश चौधरी (28), निवासी जोलियाली थाना राजीव गांधी नगर, जोधपुर को बापर्दा गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी गंभीर है। रामचन्द्र डांगी पर एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं, वहीं विष्णु विश्नोई के खिलाफ बिलाड़ा, बेंगू व बासनी थानों में मारपीट, हथियार तथा एनडीपीएस एक्ट के कई मामले पूर्व में दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाधिकारी कमलेश कुमार सहित पुलिस टीम के अर्जुनलाल, संजय, मुकेश और हेमसिंह यादव का विशेष योगदान रहा।

# डाक बंगला चौराहा फिर बना हादसों का कारण , एनएचएआई की लापरवाही से सड़क संकरी, स्पीड ब्रेकर भी नहीं ,ट्रेलर-ट्रैक्टर की टक्कर के बाद फैला आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**



**( रईश मंसूरी )** नेशनल हाइवे पर जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई, जब गुरुवार को डाक बंगला चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने पत्थर भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी और पलट गया। गनीमत रही कि भीड़भाड़ वाले इस चौराहे पर कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घटना ने इलाके में वर्षों से चल रही सुरक्षा अव्यवस्थाओं और एनएचएआई की उपेक्षा को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ा दिया।

माण्डलगढ़-भीलवाड़ा मार्ग पर यह चौराहा पहले ही ब्लैक स्पॉट घोषित जैसा हाल बना चुका है। पिछले वर्षों में यहां आधा दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। गुरुवार को भीलवाड़ा की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्रेलर लाडपुरा की ओर से पत्थर लेकर आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराया, जिससे ट्रॉली पलट गई और पत्थर सड़क पर फैल गए। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात ठप हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि 6 माह पूर्व नगर पालिका, प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया था, लेकिन अब फिर से अतिक्रमण वापस लौट आया है। इस अवैध कब्जे से हाईवे की पटरी संकरी हो गई है और वाहनों को सड़क पर ही खड़ा होना पड़ता है। डाक बंगला चौराहे पर चारों दिशाओं से सड़कें मिलती हैं और लगातार भारी यातायात रहता है, ऐसे में स्पीड ब्रेकर न होने से खतरा और बढ़ जाता है।

लोगों का आरोप है कि एनएचएआई ने बार-बार मांग करने के बावजूद यहां स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए, जबकि इसी मार्ग पर कई जगह बिना घोषणा किए स्पीड ब्रेकर मौजूद हैं। हादसे के बाद लोगों ने सड़क पर आकर विरोध जताया और एनएचएआई व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, जिससे चक्काजाम जैसी स्थिति बन गई।

सूचना मिलने पर माण्डलगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लोगों को समझाइश दी और ट्रैक्टर ट्रॉली व सड़क पर बिखरे पत्थरों को हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक अतिक्रमण हटाने, स्पीड ब्रेकर लगाने और नियमित निगरानी की स्थायी व्यवस्था नहीं होगी, तब तक हादसों का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा।

# लाडपुरा में श्री रामकृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ की भक्ति गूंज ,12 गांवों से उमड़े श्रद्धालु, मंदिर परिसर में झांकियां और दीपदान से सजा भक्तिमय माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा ।**



कस्बे के श्री बिहारीनाथ देवनारायण मंदिर प्रांगण में चल रहा धार्मिक अनुष्ठान गुरुवार को चरम पर दिखाई दिया, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री रामकृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ, लक्ष्मी यज्ञ और अखंड पंचकुण्डीय हवन में शामिल हुए। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक ध्वनियों, दीपों की रौशनी और भक्ति से सराबोर वातावरण ने आध्यात्मिक उल्लास बिखेर दिया।

महायज्ञ में बानोड़ा बालाजी के सान्निध्य में पंडित कैलाश चंद्र शर्मा के आचार्यत्व में 25 जोड़ों ने यज्ञ वेदी पर आहुतियां अर्पित कीं। मृगशिरा नक्षत्र के शुभ योग में हुए इस विशेष अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने नियमित रामचरित मानस पाठ के दशांश हवन और दीपदान के साथ विश्व कल्याण की कामना की।

यज्ञ मंडप में भगवान चारभुजानाथ का बेवाण श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। आसपास के 12 गांवों से लोग प्रतिदिन यहां दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रांगण में भगवान राम, श्रीकृष्ण और चारभुजानाथ की बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक झांकियां सजाई गई हैं। पूरा परिसर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा है, जिससे महायज्ञ का माहौल और भी भव्य बन गया है।

# माहेश्वरी समाज 21 दिसंबर को मनाएगा ऐतिहासिक दिवस ,4000 परिवार होंगे शामिल, सहयोग और सशक्तिकरण पर रहेगा फोकस

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(पंकज पोरवाल)** माहेश्वरी समाज भीलवाड़ा आगामी 21 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन के रूप में मनाने जा रहा है। इस दिन समाज की दो प्रमुख संस्थाओं अखिल भारतीय ग्रामीण माहेश्वरी सहयोग संस्थान, मेजा और भीलवाड़ा महेश क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की आम सभाएं संयुक्त रूप से आयोजित होंगी, जिनमें जिले के करीब 4000 माहेश्वरी परिवारों को आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाने और आपसी सहयोग की परंपरा को और मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

इस पूरी योजना के केंद्र में मेजा निवासी रामकुमार जागेटिया हैं, जिनके स्वप्न और निरंतर प्रयासों से दोनों संस्थान पिछले 14 वर्षों में अपने लक्ष्य की ओर उल्लेखनीय प्रगति कर चुके हैं। ग्रामीण माहेश्वरी सहयोग संस्थान (स्थापित 2011) का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों तक आर्थिक सहयोग पहुँचाना है। संस्थान के 391 संस्थापक सदस्यों की मदद से अब तक 683 परिवारों को 171 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में वितरित किया जा चुका है। संस्थान से 1014 परिवार जुड़ चुके हैं।

दूसरी ओर, भीलवाड़ा महेश क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी (स्थापित 2012) का लक्ष्य समाज का एक सहकारी बैंक स्थापित करना है, जो आगे चलकर देश के विभिन्न केंद्रों पर शाखाएँ खोलकर 'भीलवाड़ा एवं महेश' का नाम रोशन कर सके। सोसायटी की पूंजी वर्तमान में 4 करोड़ रुपये तक पहुँच चुकी है, जिसका उपयोग बैंक बनने तक समाज के कमजोर परिवारों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने में किया जा रहा है, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके।

21 दिसंबर को आयोजित यह आम सभा केवल संस्थाओं की औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि समाज के सहयोग और समरसता का विशाल मिलन समारोह होगी। संस्थापक जागेटिया के अनुसार इस ऐतिहासिक दिवस का उपयोग समाज के कमजोर वर्ग से संपर्क बढ़ाने, सहयोग प्रदान करने और ऐसे परिवारों को ऋण देकर उन्हें पर्याप्त पोषण व सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थापक सदस्यों और अधिकतम परिवारों को सदस्यता दिलाने वाले प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया जाएगा।



QUICK BITES

## आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की समीक्षा, आईसी का किया विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।



आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली और योजना से संबंधित आईसी का विमोचन किया। बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू की गई यह योजना पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और स्वस्थ जीवनशैली को आमजन के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आयुर्वेद विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में प्रत्येक जिले की 5 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है। इस प्रकार राज्यभर से कुल 205 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। आगे चलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर वाली सभी ग्राम पंचायतों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। चयनित पंचायतों में 18 स्वास्थ्य सूचकांकों पर काम किया जाएगा, और इन सूचकांकों की पूर्ण पालना करने वाली ग्राम पंचायतों को 11 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

आयुर्वेद विभाग मांडलगढ़ के नोडल एवं आयुष ग्राम प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र गोयल ने बताया कि योजना का उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, प्रकृति परीक्षण आदि के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को निरोगी बनाना है। इन 18 स्वास्थ्य सूचकों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने पर पंचायत को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन में चिकित्सा, शिक्षा, पंचायती राज, सांख्यिकी, सूचना एवं जनसंपर्क, वन, महिला एवं बाल विकास तथा पीएचईडी विभाग की सहभागिता रहेगी।

### आरोग्य मित्र और आरोग्य सखी बनेंगे योजना की रीढ़

डॉ. गोयल ने बताया कि चयनित पांचों ग्राम पंचायतों में आरोग्य मित्र और आरोग्य सखी नियुक्त कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये कार्यकर्ता वरिष्ठ नागरिकों, बालिकाओं, शिशुओं और गर्भवती महिलाओं के लिए वनौषधि परिचय, घरेलू उपचार, आहार-विहार मार्गदर्शन, योग-व्यायाम, बीपी एवं ब्लड शुगर मॉनिटरिंग, नशा मुक्ति आदि महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर कार्य करेंगे। इनके माध्यम से गाँव-गाँव आयुष्मान योजना का व्यापक प्रसार होगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, सहायक विकास अधिकारी उदयलाल मीणा, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल यादव, सहायक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. बनवारीलाल जीनगर, पीईईओ संतोष अग्रवाल, कनिष्ठ अभियंता महेंद्र कराड़, ग्राम सचिव भारत सिंह देवड़ा, एएनएम निकिता मीणा, नर्स वीणा दमामी, सीएचओ जलधारी मीणा, योग प्रशिक्षक एवं आशा सहयोगिनी मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# पिंक पखवाड़ा अभियान : गंभीर एनीमिया से ग्रस्त महिलाओं को मिल रहा निःशुल्क एफसीएम इंजेक्शन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिंक पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है, जो आगामी 15 दिसंबर तक चलेगा। अभियान में गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में खून की कमी को दूर कर उन्हें सुरक्षित मातृत्व प्रदान करना है। इसके तहत चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों की देखरेख में निःशुल्क फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि यह पहल गंभीर एनीमिया से जूझ रहीं महिलाओं के लिए बेहद असरदार साबित होगी। विभाग द्वारा पीसीटीएस सिस्टम सहित विभिन्न स्तरों पर गंभीर एनीमिक महिलाओं की पहचान कर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उच्च संस्थानों में एफसीएम इंजेक्शन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। गुर्जर ने बताया कि जिन महिलाओं का हीमोग्लोबिन स्तर आयरन गोलियां लेने के बाद भी नहीं बढ़ रहा, उन्हें चिकित्सकीय सलाह के बाद यह इंजेक्शन दिया जा रहा है। एफसीएम पूरी तरह सुरक्षित है और इससे हीमोग्लोबिन का स्तर तेजी से बढ़ता है।

डॉ. गुर्जर ने आमजन से अपील की कि एनीमिया के लक्षणों जैसे चक्कर आना, थकान या सांस फूलना को हल्के में न लें और तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि पिंक पखवाड़े के दौरान उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए।

जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि एफसीएम इंजेक्शन गंभीर एनीमिया के इलाज में अत्यंत प्रभावी है। यह इंजेक्शन ड्रिप द्वारा केवल 15 मिनट में डे-केयर मोड में लगाया जाता है और इसके लिए अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता नहीं होती। एक डोज से डेढ़ से दो महीने में 3-4 मिलीग्राम तक हीमोग्लोबिन बढ़ने की संभावना रहती है।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में हर माह की 9, 18 और 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच की जा रही है। साथ ही महिलाओं को आयरन युक्त आहार-हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड़, चना आदि के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आशा सहयोगिनियां और एएनएम भी हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर जागरूकता कार्य में जुटी हैं, ताकि अधिकाधिक महिलाओं को राज्य सरकार की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

# नन्हें खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच, विधायक कोठारी की पहल पर 14 दिसंबर को दौड़ प्रतियोगिता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




शहर में बाल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और बच्चों में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से विधायक अशोक कोठारी की पहल पर एक विशेष दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। 'खेलेंगे तो खिलेंगे' की थीम पर आधारित यह प्रतियोगिता 14 दिसंबर, रविवार को शास्त्री नगर स्थित गर्ल्स कॉलेज के मैदान में होगी।

प्रतियोगिता में 3 से 13 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकेंगे। आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। सभी प्रतिभागियों का पंजीकरण प्रतियोगिता के दिन ही दोपहर 12 से 1 बजे के बीच स्थल पर किया जाएगा। विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। संयोजक विवेक नियमावत और अजीत जैन ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को खेलों से जोड़कर उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। एसएमएम गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल सावन जांगिड़ ने बताया कि प्रतियोगिता के अवसर पर कॉलेज में 200 मीटर रनिंग ट्रैक का भी उद्घाटन किया जाएगा। वहीं, प्रतियोगिता से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संयोजक अजीत जैन से संपर्क किया जा सकता है।

# नई चेतना 4.0 अभियान की मेहरू कला से शुरुआत, महिलाओं ने ली समानता और सशक्तिकरण की शपथ

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश) प्रगति राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, मेहरू कला में गुरुवार को नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय लैंगिक समानता अभियान की शुरुआत की गई। महिलाएं एवं बालिकाएं विकास का नेतृत्व करें, सशक्त बनें विषय पर आधारित यह एक दिवसीय कार्यक्रम ब्लॉक परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) प्रहलाद मीणा के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में समूह संगठन (सीएलएफ) की सभी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) महिलाएँ, पदाधिकारी एवं स्टाफ सदस्य शामिल हुए। उपस्थित वक्ताओं ने महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान महिलाओं को यह शपथ दिलाई गई कि वे किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन नहीं करेंगी और अपने अधिकारों के लिए निर्भीक होकर आवाज उठाएँगी।



अभियान के तहत सभी महिलाओं ने नारे लगाते हुए पूरे गांव में रैली निकाली और ग्रामीणों को समानता व महिला सुरक्षा का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने शपथ ली कि वे गांव-गांव जाकर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगी और हर घर तक समानता का संदेश पहुंचाएंगी। कार्यक्रम में क्षेत्र समन्वयक मिथलेश, सीएलएफ प्रबंधक फिरदौस बानो और आंगनबाड़ी सहायिका मंजू देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्णः भीलवाड़ा में 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान शुरू

## गुलाब देकर वाहन चालकों को किया जागरूक, सुरक्षा नियमों के पालन पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।



प्रतीकात्मक इमेज

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सड़क सुरक्षा जनजागरूकता एवं दुर्घटना निरोधक व्यवस्था को मजबूती देने हेतु प्रदेशभर में 11 से 25 दिसंबर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत की गई। गुरुवार को भीलवाड़ा में पुलिस कंट्रोल रूम के बाहर आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश सौम्यता और सम्मान के साथ दिया गया।

अभियान की शुरुआत वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंटकर की गई। पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें प्रेम पूर्वक सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान आमजन को बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा नशे में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी, ट्रैफिक डीएसपी मनीष चारण, ट्रैफिक एसआई बाबूलाल, परिवहन निरीक्षक लवलीश टेलर एवं मनीष कुमार सहित सामाजिक संस्था के प्रतिनिधि इकबाल सिंह उपस्थित रहे।

# राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं की दो वर्षों में 296 परीक्षाएँ बिना पेपर लीक, एसआईटी की कार्रवाई से परीक्षा प्रणाली हुई मजबूत

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा**


राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में भर्ती परीक्षाओं को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गठित विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) ने पेपर लीक और परीक्षा गड़बड़ी में शामिल गिरोहों पर जिस सख्ती से कार्रवाई की है, उसने भर्ती तंत्र की विश्वसनीयता को नई मजबूती दी है। आज प्रदेश में परीक्षा प्रणाली पहले की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनकर उभरी है।

एडीजी एटीएस एवं एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि एसआईटी के गठन के बाद से राजस्थान लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ चयन बोर्ड और अन्य भर्ती एजेंसियों द्वारा बीती 6 नवंबर तक कुल 296 परीक्षाएँ सफलतापूर्वक आयोजित की गईं, जिनमें एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। केंद्र सरकार और विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित परीक्षाएँ भी बिना किसी अनियमितता के संपन्न हुईं।

भर्ती प्रणाली में यह सुधार एसआईटी की सक्रियता का परिणाम है। पेपर लीक मामलों की त्वरित जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 16 दिसंबर 2023 को एसआईटी का गठन किया था। इसके बाद से परीक्षा लीक गिरोहों और नकल माफिया पर कड़ा शिकंजा कसा गया। एसओजी ने डमी अभ्यर्थियों, फर्जी डिग्री और परीक्षा अनियमितता से जुड़े 138 एफआईआर दर्ज कीं और 394 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है।

एसआईटी ने हाई-प्रोफाइल मामलों में भी निर्णायक कार्रवाई की। एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में गड़बड़ी के आरोप में आरपीएससी के एक निलंबित सदस्य और एक पूर्व सदस्य को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में कुल 132 आरोपी पकड़े गए, जिनमें 61 प्रशिक्षणरत और 6 चयनित उप निरीक्षक शामिल हैं। वहीं जेल प्रहरी भर्ती 2018 के पेपर लीक मामले में टीसीएस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया।

युवाओं को समय पर अवसर उपलब्ध कराने के लिए




आरपीएससी और आरएसएसबी द्वारा परीक्षा कैलेंडर जारी किया जा रहा है। इससे अभ्यर्थियों को तैयारी की पूर्व सूचना मिल रही है और भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक देरी कम हुई है। सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में 92 हजार से अधिक नियुक्तियाँ दी गई हैं, जबकि 1.53 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

# सुशासन सप्ताहः प्रशासन गाँव की ओर शिविरों का होगा आयोजन

## प्री-कैंप 18 दिसंबर तक, जिला कलेक्टर ने दिए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। इस अवधि में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और जनकल्याणकारी सेवाओं को सुलभ बनाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं संवेदनशील बनाना है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली में दक्षता बढ़ाने, सेवाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 11 से 18 दिसंबर तक प्री-कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आगामी शिविरों की रूपरेखा एवं तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने उपखंड अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सुशासन सप्ताह के दौरान आयोजित शिविरों में अधिकतम प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी सेवाओं का तुरंत और प्रभावी लाभ मिल सके।

# गिव अप अभियान में भीलवाड़ा अव्वलः 3 लाख से अधिक अपात्र लाभार्थी हटे, 2.49 लाख नए पात्र जुड़े

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित 'गिव अप अभियान' लगातार नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहा है। भीलवाड़ा जिले ने इस अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अब तक 2 लाख 27 हज़ार 981 लोगों से स्वेच्छा से गिव अप करवाया, वहीं ई-केवाईसी प्रक्रिया के माध्यम से 76 हज़ार 465 लोग अतिरिक्त रूप से एनएफएसए सूची से बाहर हुए। कुल मिलाकर 3 लाख 9 हज़ार 446 अपात्र लाभार्थियों को एनएफएसए योजना से हटाया गया है।

इन अपात्र लाभार्थियों के हटने से 2 लाख 49 हज़ार 97 पात्र किन्तु वंचित परिवारों को एनएफएसए योजना का लाभ दिलाने में जिले को सफलता मिली है। इससे सरकार को खाद्य सामग्री, गैस, बीमा तथा चिकित्सा सब्सिडी पर होने वाले व्यय में भी बड़ी बचत होगी, जबकि नए लाभार्थियों को ये सभी सुविधाएँ सुनिश्चित हो सकेंगी।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि 'गिव अप' योजना के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कर्मचारियों, आयकर दाताओं तथा 1 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने स्वेच्छा से




एनएफएसए लाभ त्यागकर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। अभियान ने समाज में व्यापक जागरूकता पैदा की है और बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से गिव अप कर मिसाल कायम कर रहे हैं।

इस जन-आंदोलन को सफल बनाने में जनप्रतिनिधियों, सोशल, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित विभागीय कार्मिकों एवं उचित मूल्य दुकानदारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विभाग द्वारा एमएसपी पर 100 क्विंटल से अधिक गेहूं बेचने वाले लाभार्थियों की सूची भी जारी की गई है, जिनकी जाँच की प्रक्रिया जारी है।

### वर्तमान गिव अप योजना 31 दिसंबर

तक लागू है। इस अवधि में स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 जनवरी से 30.57 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खाद्यान्न की वसूली की जाएगी।

# वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार कौशिक सर्वसम्मति से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए

## मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक हरिद्वार में सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक हरिद्वार के भूपतवाला स्थित पावन धाम में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शांति कुमार गौतम ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीगंगा सभा हरिद्वार के महासचिव तन्मय वशिष्ठ एवं पावन धाम आश्रम के अध्यक्ष पंडित अंशुल श्रीकुंज सहित विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।



राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मीडिया सामाजिक, आर्थिक एवं तकनीकी चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में पत्रकार संगठनों और वरिष्ठ पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने निष्पक्ष, उत्तरदायी और स्वतंत्र पत्रकारिता के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने पर जोर दिया।

बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भीलवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार कौशिक को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों विशेषकर पत्रकार सुरक्षा कानून पर चर्चा कर एक मांग पत्र तैयार किया गया, जिसे जल्द ही भारत सरकार को सौंपा जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष घनश्याम एस. बाघी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक के बाद मीडिया काउंसिल के पदाधिकारियों व पत्रकारों ने हर की पैड़ी पर गंगा आरती में सहभागी होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गंगा महासभा रजिस्टर के पदाधिकारियों द्वारा सभी प्रतिनिधियों को गंगाजल, प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, सुशील शर्मा, मनोज शर्मा, जी.के. शर्मा, राजकुमार शर्मा (उत्तर प्रदेश), विरेंद्र प्रसाद सैनी (दिल्ली), शांति कुमार गौतम (हिमाचल प्रदेश), नवीन बंसल (हरियाणा), घनश्याम एस. बाघी व शिव कुमार कौशिक (राजस्थान), आनंद जौशी व महेंद्र शर्मा (मध्यप्रदेश), अमित गुप्ता (उत्तराखंड), श्यामनाथ सिंह (बिहार) एवं नीरज अधिकारी (चंडीगढ़) उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### भाविप राजस्थान मध्य प्रांत ने रक्तदान, नेत्रदान और देहदान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारत विकास परिषद् (भाविप) राजस्थान (मध्य) प्रांत ने सेवा वर्ष के अप्रैल से दिसंबर सत्र में सेवा कार्यों के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए रक्तदान, नेत्रदान और देहदान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। प्रांतीय प्रभारी देवराज सुरतानिया की रिपोर्ट के अनुसार परिषद् ने 'रक्तदान ही हमारा चंदन है' के नारे को साकार करते हुए 9 माह की अवधि में कुल 14 रक्तदान शिविर आयोजित किए, जिनके माध्यम से अभूतपूर्व 1476 यूनिट जीवन-रक्त एकत्र हुआ। इनमें जुलाई माह का पुष्कर शिविर (232 यूनिट) और नवंबर माह में सरवाड़ शिविर (223 यूनिट) विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। इसके अलावा नसीराबाद, सावर, ब्यावर, महाराणा अजमेर, महाराणा प्रताप भीलवाड़ा और केकड़ी सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों ने भी इस रिकॉर्ड में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रक्तदान के साथ नेत्रदान के क्षेत्र में भी परिषद् ने समाज को नई दृष्टि प्रदान करने वाला सराहनीय कार्य किया है। किशनगढ़, भीलवाड़ा, सरवाड़ और अजमेर शाखाओं के सहयोग से कुल 18 जोड़ी नेत्रदान कराए गए, जिनसे कई लोगों के जीवन में प्रकाश लौटा है। गुलाब (सरवाड़), मोहनलाल कुमावत, भारती कुमावत, आनंद प्रकाश गोयल, कोमल गोयल, कृष्ण गोपाल गोयल और प्रतिभा गोयल सहित प्रमुख दानदाताओं का परिषद् ने विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। परिषद् द्वारा देहदान और नेत्रदान के संकल्प-पत्र भरवाने का अभियान भी निरंतर जारी है, जिससे समाज में जागरूकता और मानवीय सेवा की भावना मजबूत हो रही है। सेवा की यह अविरल धारा दिसंबर माह में भी जारी रहेगी। परिषद् के आगामी शिविर 7 दिसंबर को जहाजपुर कोठाज और 14 दिसंबर को जहाजपुर रोपा में आयोजित किए जाएंगे।

### आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना में बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत का चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा ग्राम के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष का चयन आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत किया गया है। उप आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रारंभ की गई इस योजना का उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों और स्वस्थ जीवनशैली को आमजन के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शासन सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना ग्रामीण क्षेत्रों में निरोगी रहने, रोगों की रोकथाम तथा प्रकृति-आधारित चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक प्राकृतिक और संतुलित जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ, सशक्त और ऊर्जा से भरपूर जीवन जी सके।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) बनकाखेड़ा के प्रभारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के आधार पर ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य सुधार हेतु 18 प्रकार के स्वास्थ्य सूचकांकोंआहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, प्रकृति परीक्षण आदि पर विस्तृत कार्य किया जाएगा। इन सभी 18 सूचकांकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि पर ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। योजना की सफलता में चिकित्सा, शिक्षा, पंचायती राज, सांख्यिकी, सूचना एवं जनसंपर्क, वन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

इस चयन पर संपूर्ण ग्राम पंचायत के लोगों में खुशी की लहर है और ग्राम स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में आयुर्वेद विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के प्रथम चरण में प्रत्येक जिले की पाँच ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। इन चयनित पंचायतों में 18 स्वास्थ्य सूचकांकों पर काम किया जाएगा और मानकों की पूर्ण पालना करने वाली ग्राम पंचायतों को 11 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### खनन क्षेत्र की पीड़ित विधवा महिलाएँ मशरूम खेती से बनी आत्मनिर्भर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**




**मानव तिवारी।** क्षेत्र के खनन इलाकों में सिलिकोसिस से अपने पति खो चुकी विधवा महिलाएँ अब मशरूम उत्पादन के जरिए नई आजीविका की राह बना रही हैं। सुखपूरा, कांस्या, झाड़ोली और सलावटिया जैसे गांवों की 100 से अधिक महिलाओं ने खान मजदूर सुरक्षा अभियान से प्रशिक्षण लेकर अपने घरों में मशरूम की खेती शुरू कर दी है।

महिलाओं ने बताया कि उन्हें न तो अब तक सरकारी सहायता मिली और न ही वैकल्पिक रोजगार या जमीन उपलब्ध कराई गई। मात्र 1250 रुपये की पेंशन में परिवार चलाना बेहद कठिन है। उन्होंने पेंशन बढ़ाकर 4 हज़ार रुपये करने, साथ ही इसी फंड से रोजगार व जमीन उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है। संस्था द्वारा इन महिलाओं को मशरूम उत्पादन, जैविक खाद निर्माण, और मार्केटिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और सम्मानजनक तरीके से अपनी आजीविका चला सकें।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।